## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. ............ हरिवंश राय बच्चन की श्रेष्ठ रचना है। (मधुशाला / जनता का आदमी)
2. 'बच्चन ग्रंथावली' को ................ खण्डों में विभाजित किया गया है। (पाँच / दस)
3. मैं जग-जीवन का भार लिए फिरता हूँ, फिर भी जीवन में ............ लिए फिरता हूँ।(प्यार/ संदेश)
4. आत्म परिचय ................. से लिया गया है। (सुन्दरवन/ निशा निमंत्रण गीत संग्रह)
5. बच्चन की प्रारंभिक रचनाओं में ................ मस्ताना पन पाया जाता है। (मध्य युगीन फारसी के कवि उमर खय्याम का / उत्तर मध्य युगीन के कवि मिर्जा गालिब)
6. बच्चे ...................... में होंगे। (प्रत्याशा/ निराशा)(म.प्र. 2022)

**उत्तर—**1. मधुशाला, 2. दस, 3. प्यार, 4. निशा निमंत्रण गीत संग्रह, 5. मध्य युगीन फारसी के कवि उमर खय्याम का, 6. प्रत्याशा।

**प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए—**

1. क्या भूलूँ क्या याद करूँ के कवि हैं—
   (अ) गिरिजा कुमार माथुर (ब) केदारनाथ अग्रवाल
   (स) जयशंकर प्रसाद (द) हरिवंश राय बच्चन।
2. हरिवंश राय बच्चन का जन्म सन् में हुआ—
   (अ) 27 नवम्बर, 1907 (ब) 18 नवम्बर, 1910
   (स) 5 मई, 1921 (द) 9 अप्रैल, 1936।
3. बच्चन के साहित्य में कविता का विशेष गुण पाया जाता है—
   (अ) व्यंग्यात्मक (ब) ओज
   (स) सहजता और संवेदनशीलता (द) सकारात्मक।
4. 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है—
   (अ) मुंशी प्रेमचंद (ब) हरिवंश राय बच्चन (स) महादेवी वर्मा (द) नलिनी सिंह।
5. हैमलेट, जनगीता, मैकबैथ, का अनुवाद किया है—
   (अ) नटवर सिंह (ब) सुमेरू सिंह
   (स) हरिवंश राय बच्चन (द) गजानन माधव मुक्तिबोध।
6. कवि किसका भार लिए फिरता है— (म.प्र. 2022)
   (अ) सुख-दुःख का (ब) जगजीवन का (स) निज उर का (द) यौवन का।

**उत्तर—**1.(द), 2. (अ), 3.(स), 4. (ब), 5. (स), 6. (ब).

# 2. पतंग

*—आलोक धन्वा*

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. दुनिया की सबसे रंगीन और हल्की चीज ..................... है। (पतंग / कागज )
2. पतंग की पतली कमानी ........................ की बनी होती है। (बाँस / फूलों )
3. बच्चे ..................... को नरम बनाते हुए दौड़ते हैं। (धरती / छतों )
4. शरद ऋतु ..................... को पार करते हुए आई। (आकाश / पुलों )
5. बच्चे जन्म से ही अपने साथ ...................... लेकर आते हैं। (कपास / फूल)

**उत्तर**—1. पतंग, 2. बाँस, 3. छतों, 4. पुलो, 5. कपास।

**प्रश्न 2. सत्य/असत्य कथन छाँटकर लिखिए—**

1. बच्चे दिशाओं को ढपली की तरह बजाते हैं।
2. सबसे तेज बौछारों का मास भादो होता है।
3. शरद साइकिल चलाता हुआ आया।
4. पतंग कविता के रचयिता कुँवर नारायण हैं।
5. आलोक धन्वा बिहार के कवि हैं।

**उत्तर**—1. सत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. असत्य, 5. सत्य।

# 3. (1) कविता के बहाने
# (2) बात सीधी थी पर

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. अज्ञेय द्वारा सम्पादित .................. (1951) में। (पहला तार सप्तक / दूसरा तार सप्तक
2. रघुवीर सहाय का जन्म .................. में हुआ।
   (16 सितम्बर, 1916 को उत्तरप्रदेश / 9 दिसम्बर, 1929 को लखनऊ
3. .................. समकालीन हिन्दी कविता के महत्वपूर्ण स्तम्भ है। (फिराक सहाय / रघुवीर सहाय
4. हम दूरदर्शन पर बोलेंगे हम समर्थ ...................। (पहलवान / शक्तिवान
5. 'सोचिए, बताइए आपको .................. होकर कैसा लगता है।' (अपाहिज / अंधा

**उत्तर**— 1. दूसरा तार सप्तक, 2. 9 दिसम्बर, 1929 को लखनऊ, 3. रघुवीर सहाय, 4. शक्तिवान, 5. अपाहिज

**प्रश्न 2. सत्य / असत्य कथन छाँटकर लिखिए—**

1. 'हम एक दुर्बल को लाएँगे, एक बंद कमरे में'।
2. रघुवीर सहाय को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
3. सीढ़ियों पर धूप में, आत्महत्या के विरूद्ध, काव्य संकलन है।
4. फिर हम परदे पर दिखलायेंगे फूली हुई आँख की एक छोटी तसवीर।
5. इस कविता को शारीरिक चुनौती झेलते लोगों के प्रति संवेदनशील नजरिया अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए यह पाठ लिखा गया है।

**उत्तर**— 1. सत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. असत्य, 5. सत्य।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति दिए गए शब्दों के आधार पर कीजिए—**

1. शमशेर बहादुर सिंह को उनके साहित्य के लिए .................. से सम्मानित किया गया। (कबीर सम्मान / वीरता सम्मान)
2. शमशेर बहादुर सिंह की पहचान .................. कवि के रूप में है। (रूपक धर्मी / बिम्ब धर्मी)
3. 'उषा' कविता सूर्योदय के ठीक .................. के पल-पल परिवर्तित प्रकृति का शब्द चित्र है। (बाद / पहले)
4. नीलजल में या किसी की गौर झिलमिल देह जैसे .................. हो। (खिल रही / हिल रही)
5. शमशेर बहादुर .................. कवि है। (हिन्दी तथा उर्दू / उर्दू तथा संस्कृत)

**उत्तर**—1. कबीर सम्मान, 2. बिम्ब धर्मी, 3. पहले, 4. हिल रही, 5. हिन्दी तथा उर्दू।

**प्रश्न 2. सही विकल्प का चयन दिए गए शब्दों के आधार पर कीजिए—**

1. 'नीला शंख' में निम्न अलंकार का प्रयोग हुआ—
   (अ) अनुप्रास (ब) यमक (स) श्लेष (द) उपमा अलंकार।
2. उषा का तात्पर्य है—
   (अ) सूर्योदय से ठीक पहले का समय (ब) सूर्योदय से ठीक बाद का समय
   (स) दोपहर का समय (द) सन्ध्या का समय।
3. उषा का जादू टूटता है— (म.प्र. 2022)
   (अ) सूर्योदय के ठीक पहले (ब) सूर्योदय के पश्चात
   (स) रात्रि (द) मध्य।
4. झिलमिल का शाब्दिक अर्थ है—
   (अ) मचलती हुई (ब) आकर्षक (स) विशेष फूल (द) प्रभात।
5. 'किसी की' में अलंकार है—
   (अ) यमक अलंकार (ब) संदेह अलंकार (स) अनुप्रास अलंकार (द) रूपक अलंकार।

**उत्तर**—1. (स), 2. (अ), 3. (ब), 4. (अ), 5. (स)।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. 'बादल राग' कविता में सुखों को ................ बताया गया है। (स्थिर / अस्थिर)
2. .................... होने पर निम्न वर्ग को हमेशा लाभ होता है। (क्रांति / शांति)
3. क्रान्ति रूपी बादलों का आह्वान ................. अधीरता के साथ करता है। (किसान / धनिक)
4. अस्थिर सुख पर सदैव .................. की छाया छायी रहती है। (सुख / दु:ख)
5. बादल राग के कवि ................ हैं। (निराला / तुलसीदास)

**उत्तर**—1. अस्थिर, 2. क्रांति, 3. किसान, 4. दु:ख, 5. निराला।

**प्रश्न 2. सत्य / असत्य कथन छाँटकर लिखिए—**

1. शैशव का सुकुमार शरीर रोग-शोक में भी हँसता रहता है।
2. अट्टालिकाएँ वास्तव में आतंक के भवन हैं।
3. विप्लव रव से छोटे ही शोभा पाते हैं।
4. कवि निराला छायावादी कवि हैं।
5. बादल राग कविता परिमल संग्रह से ली गई है।

**उत्तर**—1. सत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. असत्य।

# 8. (1) कवितावली (उत्तर कांड से)
# (2) लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप

*—तुलसीदास जी*

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. गोस्वामी तुलसीदास का जन्म सन् .................. में माना जाता है। (1532 बाँदा (उत्तरप्रदेश) जिले के राजापुर गाँव / 1632 ग्वालियर (मध्यप्रदेश) जिले के कोसानी गाँव)
2. 'रामचरित मानस' .................. है। (महाकाव्य / खण्डकाव्य)
3. तुलसी का बचपन का नाम .................. था। (राम बोला / श्याम बोला)
4. तुलसी का बचपन .................. बीता। (कष्टमय / मंगलमय)
5. तुलसीदास भक्तिकाल के सगुण भक्ति .............. के कवि है। (राम भक्ति धारा / कृष्ण भक्ति धारा)
6. धूत कहौ अवधूत कहौ .................. किसकी पंक्तियाँ है। (तुलसीदास की / उमाशंकर जोशी की) (म.प्र. 2022)

**उत्तर—** 1. 1532 बाँदा (उत्तरप्रदेश जिले के राजापुर गाँव), 2. महाकाव्य, 3. राम बोला, 4. कष्टमय, 5. राम भक्ति धारा, 6. तुलसीदास की।

**प्रश्न 2. एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए—**

1. तुलसीदास लोक मंगल की साधना के कवि किस काल में हुए ?
2. तुलसी ने रामचरितमानस किस भाषा में लिखी है ?
3. तुलसी के माता-पिता का नाम क्या था ?
4. तुलसीदास के गुरु कौन थे ?
5. उहाँ राम लक्षिमहि निहारी। बोले वचन मनुज अनुसारी। यह पंक्ति क्या है ?

**उत्तर—** 1. भक्तिकाल, 2. अवधी भाषा, 3. माता का नाम हुलसी एवं पिता का नाम आत्माराम दुबे, 4. तुलसीदास के गुरु का नाम नरहरिदास था, 5. चौपाई छन्द।

# 9. रुबाइयाँ

*—फ़िराक गोरखपुरी*

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. फ़िराक गोरखपुरी का मूल नाम .................... है। (रघुपति सहाय / दलपत सहाय)
2. 'साधु की कुटिया' रचना .................... विधा के अन्तर्गत आती है। (कहानी / उपन्यास)
3. 'रुबाइयाँ' में .................... रस की प्रधानता है। (करुण रस / वात्सल्य रस)

4. 'रस की पुतली' से शायर का तात्पर्य .................. है। (नवयुवती / नन्हीं बच्ची)

5. 'रुबाइयाँ' कविता के रचनाकार .................. है। (श्याम सुन्दर 'मेघ' / शायर फ़िराक गोरखपुरी)

**उत्तर—** 1. रघुपति सहाय, 2. उपन्यास, 3. वात्सल्य रस, 4. नन्हीं बच्ची, 5. शायर फ़िराक गोरखपुरी।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में सत्य / असत्य का चयन कीजिए—**

1. फ़िराक गोरखपुरी का जन्म गोरखपुर, उत्तरप्रदेश में कायस्थ परिवार में हुआ।
2. 'चाँद का टुकड़ा' का शाब्दिक अर्थ बहुत प्यारा है।
3. 'दीवाली की शाम घर पुते और सजे।'
4. 'गुल नग्मा' के लिए फ़िराक गोरखपुरी को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
5. पाठ में फ़िराक की कविता में एक भी गज़ल शामिल नहीं है।

**उत्तर—** 1. सत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. असत्य।

# 10. (1) छोटा मेरा खेत
# (2) बगुलों के पंख

*—उमाशंकर जोशी*

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति नीचे दिए गए शब्दों के आधार पर कीजिए—**

1. छोटा मेरा खेत .................. । (त्रिकोना / चौकोना)
2. नभ में पाँती-बँधे बँगुलों के पंख,
   चुराए लिए जाती वे .................. । (मेरी आँखें / तुम्हारी आँखें)
3. कवि उमाशंकर जोशी की भाषा .................. की है। (तत्सम शब्दावली / सामान्य बोलचाल)
4. अक्षय का शाब्दिक अर्थ .................. है। (कभी न नष्ट होने वाला / नश्वर)
5. उमाशंकर जोशी को 1967 में .................. दिया गया। (ज्ञानपीठ पुरस्कार / रमनीय पुरस्कार)

**उत्तर—** 1. चौकोना, 2. मेरी आँखें, 3. सामान्य बोलचाल, 4. कभी न नष्ट होने वाला, 5. ज्ञानपीठ पुरस्कार।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों में से सत्य / असत्य कथन छाँटकर लिखिए—**

1. 'छोटा मेरा खेत' में कवि ने अपने को कृषक कहा है।
2. विश्व शांति, गंगोत्री उमाशंकर जोशी की प्रमुख रचनाएँ हैं।
3. उमाशंकर जी को राज्य सभा का सदस्य नामजद किया गया है।
4. अलौकिक का शाब्दिक अर्थ सामान्य जन से है।
5. रचना के सन्दर्भ में अंधड़ विचारों की संवेदना है एवं प्रेरणा का स्रोत है।

**उत्तर—** 1. सत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. असत्य, 5. सत्य।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. महादेवी वर्मा .................. की कवयित्री है। (प्रगतिवाद / छायावाद)
2. महादेवी वर्मा की प्रारंभिक शिक्षा .................. में हुई। (इन्दौर के मिशन स्कूल / रायबरेली के शासकीय स्कूल)
3. नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा .................. है। (गद्य संकलन / काव्य संकलन)
4. शृंखला की कड़ियां .................. है। (कहानी संग्रह / निबंध संग्रह)
5. भक्तिन महादेवी जी का प्रसिद्ध .................. है। (रिपोर्ताज / संस्मरणात्मक रेखाचित्र)
6. भक्तिन का वास्तविक नाम ........................ था। (दुर्गा / लछमिन) (म.प्र. 2022)

**उत्तर—** 1. छायावाद, 2. इन्दौर के मिशन स्कूल, 3. काव्य संकलन, 4. निबंध संग्रह, 5. संस्मरणात्मक रेखाचित्र, 6. लछमिन।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए—**

1. **महादेवी वर्मा का जन्म सन् में हुआ—**
   (अ) 26 मार्च 1907 (ब) 28 मार्च 1907 (स) 30 मार्च 1907 (द) 31 मार्च 1907।
2. **'भक्तिन' का वास्तविक नाम—**
   (अ) पार्वती (ब) लक्ष्मी (स) सरस्वती (द) अंजनी।
3. **महादेवी वर्मा की प्रारंभिक कविताओं में भाषा—**
   (अ) ब्रज (ब) अवधी (स) मिश्रित (द) खड़ी बोली।
4. **1943 में कवयित्री महादेवी वर्मा को सम्मानित किया गया—**
   (अ) राहुल सम्मान (ब) कबीर सम्मान (स) मंगलाप्रसाद पुरस्कार (द) सेकसरिया पुरस्कार।
5. **भक्तिन की वेशभूषा—**
   (अ) ग्रहस्थ एवं वैरागी (ब) तपस्वी (स) समाज सुधारक (द) सामान्य महिला

**उत्तर—** 1. (अ), 2. (ब), 3. (अ), 4. (स), 5. (अ)।

# 12. बाजार दर्शन

*—जैनेन्द्र कुमार*

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. जैनेन्द्र कुमार .................. है। (कवि / एक मनोवैज्ञानिक कथाकार)
2. परख, सुनीता, त्यागपत्र एवं कल्याणी .................. गद्य की विधा के अन्तर्गत आते हैं। (उपन्यास / कहानी)
3. जैनेन्द्र की भाषा .................. रूप में दिखाई देती है। (एक / दो)
4. बाजार दर्शन जैनेन्द्र का एक महत्वपूर्ण .................. है। (संस्मरण / निबंध)
5. कथाकार होने के साथ-साथ जैनेन्द्र की पहचान अत्यन्त .................. के रूप में रही। (गंभीर चिंतक / एक संत)
6. बाजार .................. में जाना चाहिए। (जब मन खाली हो / जब मन खाली न हो)( म.प्र. 2022 )

**उत्तर—** 1. एक मनोवैज्ञानिक कथाकार, 2. उपन्यास, 3. दो, 4. निबंध, 5. गंभीर चिंतक, 6. जब मन खाली न हो।

**प्रश्न 2. सत्य / असत्य कथन छाँटकर लिखिए—**

1. लोक संयमी भी होते हैं— यह वाक्य औपचारिक वाक्य है।
2. बाजार में एक जादू है। यह वाक्य अनौपचारिक वाक्य है।
3. महिमा का मैं कायल हूँ। यह वाक्य अनौपचारिक वाक्य है।
4. बाजार है कि शैतान का जाल है। यह वाक्य अनौपचारिक वाक्य है।
5. बाजार दर्शन में व्याख्यात्मक एवं विचारात्मक शैली का प्रयोग हुआ।
6. पर्चेजिंग पावर का अर्थ क्रय शक्ति होता है। ( म.प्र. 2022 )

**उत्तर—** 1. सत्य, 2. असत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. सत्य, 6. सत्य।

# 13. 'काले मेघा पानी दे'

***—धर्मवीर भारती***

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. किशोरों की टोली पानी दे मैया कहकर ......................... के आने की सूचना देती है। (इंदर सेना / राम सेना)
2. लेखक धर्मवीर भारती पर बचपन में किसके संस्कार थे ? (आर्य समाजी / मार्क्सवादी)
3. ...................... प्यास के मारे मरने लगते। (ढोर-डंगर / गाय-बैल)
4. धर्मवीर भारती का जन्म .................... में हुआ था। (मध्यप्रदेश / उत्तर प्रदेश)
5. धर्मवीर भारती को .................... सम्मान मिला था। (पद्मश्री / पद्मभूषण)

**उत्तर—** 1. इंदर सेना, 2. आर्य समाजी, 3. ढोर-डंगर, 4. उत्तर प्रदेश, 5. पद्मश्री।

**प्रश्न 2. सत्य/असत्य छाँटिए—**

1. 'काले मेघा पानी दे' पाठ रेखाचित्र है।
2. मेढक मण्डली की अगवानी मालाओं से होती थी।

3. लेखक धर्मवीर भारती इन मेढक मंडली वालों की उमर से बहुत बड़ा था।
4. लेखक अंधविश्वासों के खिलाफ तो तरकश में तीर रखकर घूमता रहता था।
5. इंदर सेना का अर्थ मेढक मंडली होता है।

उत्तर— 1. असत्य, 2. असत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. सत्य।

# 14. पहलवान की ढोलक

*— फणीश्वर नाथ रेणु*

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए—

1. फणीश्वर नाथ रेणु का जन्म कब और कहाँ हुआ—
(अ) 4 मार्च सन् 1921 औराही हिंगना, बिहार
(ब) 30 मार्च सन् 1931 कुशली जबलपुर, मध्यप्रदेश
(स) 9 मार्च सन् 1941 कोसानी, उत्तरप्रदेश
(द) 6 मार्च सन् 1947 कुमायूँ, उत्तरप्रदेश।

2. 'मैला आँचल' प्रसिद्ध कृति है—
(अ) उपन्यास (ब) कहानी (स) जीवनी (द) आत्मकथा।

3. पहलवान की ढोलक के रचनाकार है—
(अ) श्यामसुन्दर जोशी (ब) मनोहर जोशी
(स) फणीश्वर नाथ रेणु (द) लक्ष्मीनारायण लाल।

4. 'रेणु रचनावली' को खण्डों में विभाजित किया गया—
(अ) दो (ब) चार (स) पाँच (द) आठ।

5. शेर के बच्चे का असल नाम—
(अ) सूर्य सिंह (ब) चाँद सिंह (स) दलपत सिंह (द) कुँवर सिंह।

6. लुट्टन पहलवान ने हराया था— (म.प्र. 2022)
(अ) दारासिंह को (ब) राजा साहब को (स) रूस्तम को (द) चाँद सिंह को।

उत्तर—1. (अ), 2. (अ), 3. (स), 4. (स), 5. (ब), 6. (द)।

प्रश्न 2. एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए—

1. लुट्टन के माता-पिता कितनी उम्र में चल बसे ?
2. लुट्टन का खान-पान कैसा था ?
3. चाँद सिंह ने लुट्टन पर कैसे वार किया ?
4. फणीश्वर नाथ रेणु को किस प्रकार से सम्मानित किया गया ?
5. फणीश्वर नाथ रेणु किस परिवेश को लेकर पहलवान की ढोलक लिखी ?
6. पहलवान लुट्टनसिंह के कितने पुत्र थे ? (म.प्र. 2022)

उत्तर—1. 9 वर्ष, 2. दो सेर रसगुल्ला, आठ-दस पान की गिलोरियाँ, 3. पहले मुस्कुराया फिर बाज की तरह उस पर टूट पड़ा, 4. पद्मश्री, 5. ग्रामीण परिवेश, 6. दो पुत्र।

# 17. शिरीष के फूल

*—हजारी प्रसाद द्विवेदी*

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित कलित निबंध 'शिरीष के फूल' लेखक के संग्रह ............ से उदधृत है। (परिकल्पना / कल्पलता)
2. बाणभट्ट की आत्मकथा, चारू चंद्रलेखा, पुनर्नवा एवं अनामदास का पोथा ........... है। (आत्मकथा / उपन्यास)
3. हजारी प्रसाद द्विवेदी को साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में ............... से सम्मानित किया गया। (पद्मभूषण / ज्ञानपीठ पुरस्कार)
4. शिरीष .................. की भाँति है। (सांसारिक बंधनों व विषय-वासनाओं से ऊपर उठा हुआ संन्यासी / भौतिकवाद की अवधारणा)
5. अनासक्त का शाब्दिक अर्थ ................ है। (किसी बात में लीन होना / विषय भोग से ऊपर उठा हुआ, निर्लिप्त)
6. अवधूत ............................ है। (शिरीष के फूल / गुलाब के फूल) **(म.प्र. 2022)**

**उत्तर—** 1. कल्पलता, 2. उपन्यास, 3. पद्म भूषण, 4. सांसारिक बंधनों व विषय वासनाओं से ऊपर उठा हुआ संन्यासी, 5. विषय भोग से ऊपर उठा हुआ, निर्लिप्त, 6. शिरीष के फूल।

**प्रश्न 2. सत्य / असत्य कथन छाँटकर लिखो—**

1. हजारी प्रसाद द्विवेदी जी की भाषा परिमार्जित खड़ी बोली है।
2. द्विवेदी जी के निबंधों में दार्शनिक तत्वों की प्रधानता है।
3. 'शिरीष के फूल' यह एक ललित निबंधों की श्रेणी में आता है।
4. शिरीष वास्तव में अवधूत की भाँति धूप 'वर्षा, आँधी' लू में सरस रहता है। आज देश में मारकाट, लूटपाट, खून खच्चर में जो स्थिर रह सका है, वह शिरीष गाँधी है जो वायुमण्डल के रस खींचकर कोमल और कठोर हो सका।
5. 'सरस्वती' पत्रिका का सम्पादन हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किया।
6. शिरीष के फूल संस्कृत साहित्य में बहुत कठोर माना जाता है। **(म.प्र. 2022)**

**उत्तर—** 1. सत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. असत्य, 6. असत्य।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. बाबा भीमराव अम्बेडकर का जन्म सन् ...................... में हुआ।
(14 अप्रैल, 1891 (म. प्र.) / (2 अप्रैल, 1920 (म. प्र.))
2. कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका ने इन्हें .................. की उपाधि प्रदान की।
(पी. एच. डी. / डी. लिट)
3. ................. उद्धार के समर्थक थे। (शोषित वर्ग / शोषक वर्ग)
4. बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को .................... से सम्मानित किया गया।
(भारत रत्न / रत्न खोज)
5. जाति प्रथा मनुष्य को ................. एक पेशे में बाँध देती है। (कुछ क्षण के लिए / जीवन भर)

उत्तर— 1. 14 अप्रैल, 1891 (म. प्र.), 2. पी. एच. डी., 3. शोषित वर्ग, 4. भारत रत्न, 5. जीवन भर।

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाइये—**

| खण्ड (अ) | खण्ड (ब) |
|---|---|
| 1. डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर | (क) सम्मान |
| 2. बोधिसत्व | (ख) पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान |
| 3. मूक नायक | (ग) समर्थक |
| 4. कोलंबिया अमेरिका ने | (घ) रचना |
| 5. शोषित वर्ग के उद्धार के | (ड.) भारतीय चिंतकों में से एक। |

उत्तर—1. (ड.), 2. (क), 3. (घ), 4. (ख), 5. (ग)।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए—**

1. इस शाखा के कवियों ने प्रेम के द्वारा ईश्वर तक पहुँचने का विचार निरूपित किया—
   (अ) ज्ञानमार्गी (ब) प्रेममार्गी (स) रामभक्ति (द) कृष्णभक्ति।
2. इस धारा के कवियों ने परमात्मा के निराकार रूप को स्वीकार किया —
   (अ) निर्गुण भक्ति धारा (ब) सगुण भक्ति धारा (स) रामभक्ति शाखा (द) कृष्णभक्ति शाखा।
3. इस धारा के कवियों ने ईश्वर के साकार रूप को मान्यता दी —
   (अ) निर्गुण भक्ति (ब) सगुण भक्ति (स) प्रेममार्गी (द) ज्ञानमार्गी।
4. इस शाखा के कवियों ने राम को लोकरक्षक के रूप में मान्यता दी—
   (अ) निर्गुण भक्ति शाखा (ब) ज्ञानमार्गी शाखा (स) रामभक्ति शाखा (द) कृष्णभक्ति शाखा।
5. इस शाखा के कवियों ने कृष्ण को लोकरंजक के रूप में मान्यता दी—
   (अ) रामभक्ति शाखा (ब) कृष्णभक्ति शाखा (स) प्रेममार्गी शाखा (द) ज्ञानमार्गी शाखा।
6. आदिकालीन काव्य की भाषा थी—
   (अ) अपभ्रंश (ब) ब्रज भाषा (स) डिंगल-पिंगल भाषा (द) अवधी भाषा।
7. हिन्दी साहित्य के इतिहास में 'स्वर्ण युग' कहलाता है—
   (अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल (c) रीतिकाल (द) आधुनिक काल।

उत्तर—1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (स), 5. (ब), 6, (स), 7. (ब).

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए —**

1. भक्तिकालीन साहित्य में ................. भावना की प्रधानता थी। (भक्ति/वीर)
2. भक्तिकालीन की कविता भी सगुण भक्ति धारा और ................. भक्ति धारा में विभाजित हो गई।
3. भक्तिकाल में ................. चिंतन की प्रधानता थी। (सामाजिक/धार्मिक
4. भक्तिकाल के काव्य में ............... की प्रतिष्ठा हुई। (प्रगतिवाद/रहस्यवा
5. निर्गुण भक्तिधारा की मुख्य ................. शाखाएँ हैं। (तीन/दो/पाँच

उत्तर—1. भक्ति, 2. निर्गुण, 3. धार्मिक, 4. रहस्यवाद, 5. दो।

**प्रश्न 3. उचित संबंध जोड़िए—**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| 1. ज्ञानमार्गी शाखा के कवि | (a) तुलसीदास |
| 2. प्रेममार्गी शाखा के कवि | (b) सूरदास |
| 3. रामभक्ति शाखा के कवि | (c) ज्ञानमार्गी शाखाएँ |
| 4. कृष्णभक्ति शाखा के कवि | (d) जायसी |
| 5. निर्गुण ब्रह्म की उपासना | (e) कबीर। |

उत्तर —1. (e), 2. (d), 3. (a), 4. (b), 5. (c).

## महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए —**

1. नाटक में पात्रों की संख्या ............................ होनी चाहिए। (अधिक/कम)(म. प्र. 2022)
2. वीर रस का स्थायीभाव ............................ है। (उत्साह/क्रोध)(म. प्र. 2022)
3. जिन छंदों में मात्राओं की गणना की जाती है वे ................ छन्द कहलाते हैं। (वर्णिक/मात्रिक) (म. प्र. 2022)
4. नभ का अर्थ .................................... है। (आकाश/नीला)(म. प्र. 2022)

**उत्तर**—1. अधिक, 2. उत्साह, 3. मात्रिक छंद, 4. आकाश।

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाइए—**

| | | |
|---|---|---|
| 1. कहानी का केन्द्रीय बिन्दु | (a) संस्कृत के मूल शब्द | (म. प्र. 2022) |
| 2. चौपाई छंद | (b) कथानक | (म. प्र. 2022) |
| 3. तत्सम | (c) 16-16 मात्राएँ। | (म. प्र. 2022) |

**उत्तर** —1. (b), 2. (c), 3. (a).

**प्रश्न 3. एक वाक्य में उत्तर लिखिए—**

1. **शब्द गुण कितने प्रकार के होते हैं ?** (म. प्र. 2022)
   **उत्तर**— शब्द गुण तीन प्रकार के होते हैं— (1) माधुर्य गुण, (2) ओज गुण, (3) प्रसाद गुण।
2. **दूसरा घर कर लेना मुहावरे का क्या अर्थ है ?** (म. प्र. 2022)
   **उत्तर**— दूसरा विवाह कर लेना।

**प्रश्न 4. सत्य / असत्य लिखिए—**

1. कहानी का नाटक रूपांतरण असंभव है। (म. प्र. 2022)
2. करुण रस का स्थायी भाव रति है। (म. प्र. 2022)
3. प्रिया बहुत बातूनी है में बातूनी शब्द क्रिया विशेषण है। (म. प्र. 2022)

**उत्तर**—1. असत्य, 2. असत्य, 3. असत्य।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. मनोहर श्याम जोशी का जन्म सन् ................ में हुआ।
(9 अगस्त, सन् 1933 को राजस्थान के अजमेर / 15 अगस्त सन् 1940 को राजस्थान के अजमेर)
2. सिल्वर वैडिंग कहानी में प्रमुख पात्र यशोधर पंत (वाई. डी. पंत) की शादी के ............. के दिन का वर्णन है। (पच्चीसवीं सालगिरह / पैंतालीसवीं सालगिरह)
3. यशोधर बाबू दफ्तर से निकलकर पहले ............. जाते हैं। (साँई मंदिर / बिड़ला मंदिर)
4. सब्स्टीट्यूट का शाब्दिक अर्थ ............ है। (विकल्प / संकल्प)
5. दिनमान साप्ताहिक हिन्दुस्तान पत्रिका के संपादक जोशीजी का निधन ............. को हृदय गति के रूक जाने से हुआ। (30 मार्च, सन् 2006 / 15 मार्च सन् 2008)
6. सिल्वर वैडिंग कहानी के प्रमुख पात्र ...................... है। (यशोधर बाबू / मनोहर श्याम जोशी)
**(म.प्र. 2022)**

**उत्तर—** 1. 9 अगस्त, सन् 1933 को राजस्थान के अजमेर, 2. पच्चीसवीं सालगिरह, 3. बिड़ला मंदिर, 4. विकल्प, 5. 30 मार्च, सन् 2006, 6. यशोधर बाबू।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों में से सत्य / असत्य कथन छाँटिये—**

1. यह घड़ी मुझे शादी में मिली थी। हम पुरानी चाल के हमारी घड़ी पुरानी चाल की । अरे यही बहुत है कि अब तक 'राईट टाईम' चल रही।
2. सिल्वर वैडिंग यह उत्सव विवाह के पच्चीस वर्ष होने पर मनाया जाता है।
3. बदतमीजी का शाब्दिक अर्थ शिष्ट व्यवहार से है।
4. श्री मनोहर श्याम जोशी को साहित्य अकादमी से सम्मानित किया गया है।
5. मनोहर श्याम जोशी ने हम लोग, बुनियाद, मुंगेरी लाल के हसीन सपने, हमराही एवं जमीन-आसमान जैसे धारावाहिक लिखे।

**उत्तर—** 1. सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. सत्य।

सचमुच प्रत्येक सपना [illegible] है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. आनंद यादव का पूरा नाम ............... था। (आनंद रतन यादव / अजय रघु यादव)
2. आनंद यादव ................ के विख्यात साहित्यकार थे। (उर्दू / मराठी)
3. 'जूझ' गद्य की विधा के अन्तर्गत ............. आती है। (कहानी / जीवनी)
4. कहानी जूझ एक .............................. की झांकी है। (एक ग्रामीण किसान के शिक्षा प्राप्ति के लिए लालायित पुत्र के संघर्ष / एक शिक्षक के शिक्षा प्राप्ति के लिए लालायित पुत्र के संघर्ष)
5. पसीना छूटना का शाब्दिक अर्थ ............ है। (खुश होना / भयभीत होना)
6. जूझ पाठ के लेखक ............................ हैं। (आनंद यादव / मनोहर श्याम जोशी) (म.प्र. 2022)
7. सौंदलगेकर मास्टर ................. पढ़ाने आते थे। (मराठी / हिन्दी)(म.प्र. 2022)

**उत्तर—** 1. आनंद रतन यादव, 2. मराठी, 3. कहानी, 4. एक ग्रामीण किसान के शिक्षा प्राप्ति के लिए लालायित पुत्र के संघर्ष, 5. भयभीत होना, 6. आनंद यादव, 7. मराठी।

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाइये—**

| खण्ड (अ) | खण्ड (ब) |
|---|---|
| 1. विख्यात साहित्यकार | (क) रचनाएँ |
| 2. कादम्बरी व झाँबी | (ख) स्वर को भावानुसार कम या ज्यादा करना |
| 3. आरोह-अवरोह | (ग) पशुओं के गोबर से बने उपले |
| 4. कंडे | (घ) पुरानी बातों की याद |
| 5. संस्मरण | (ड.) मराठी भाषा। |

**उत्तर—** 1. (ड.), 2. (क), 3. (ख), 4. (ग), 5. (घ)।

# 3. अतीत में दबे पाँव (यात्रा वृत्तांत)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. अतीत के दबे पाँव .................... का सम्मिलित रूप है।
   (यात्रा वृत्तांत एवं रिपोर्ताज / पत्र पत्रिकाएँ एवं डायरी)
2. ओम थानवी में राजस्थान के जयपुर से निकलने वाले पत्रिका समूह के साप्ताहिक पत्र ............ से अपने पत्रकार जीवन की शुरुआत की। (इतवारी / मंगलवारी)
3. सार्कलिटरेरी अवार्ड तथा बिहारी पुरस्कार से ................ को सम्मानित किया गया।
   (ओम थानवी / सुरेश चन्द्र यादव)
4. 25 फुट सबसे ऊँचे चबूतरे पर .................... है। (रविस्तूप / बौद्ध स्तूप)
5. अतीत में दबे पाँव का शाब्दिक अर्थ ............... है।
   (नवीनकाल के अवशेष / प्राचीन काल के अवशेष)

**उत्तर**—1. यात्रा वृत्तांत एवं रिपोर्ताज, 2. इतवारी, 3. ओम थानवी, 4. बौद्ध स्तूप, 5. प्राचीनकाल के अवशेष।

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाइये—**

| खण्ड (अ) | खण्ड (ब) |
|---|---|
| 1. ओम थानवी | (क) राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित |
| 2. पत्रकारिता के लिए | (ख) अशांति, अव्यवस्था |
| 3. अराजकता का शाब्दिक अर्थ | (ग) सम्पन्न |
| 4. सिन्धु सभ्यता | (घ) कला या सुरुचि को महत्व |
| 5. सिन्धु घाटी के लोग | (ङ.) अतीत में दबे पाँव। |

**उत्तर**—1. (ङ.), 2. (क), 3. (ख), 4. (ग), 5. (घ)।

**प्रश्न 3. एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए—** **(म.प्र. 2022)**

1. सिन्धु सभ्यता का सबसे बड़ा नगर कौन-सा था ?

**उत्तर**— सिन्धु सभ्यता का सबसे बड़ा नगर मोहन जोदड़ो था।

**प्रश्न 4. सत्य/असत्य चयन कीजिए—** **(म.प्र. 2022)**

1: राखालदास बनर्जी 1922 में मुअनजो-दड़ो गए।

**उत्तर**—सत्य।